दिन– सोमवार दिनांक– 07/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी को अयोध्या से जोड़ने के लिए राम–जानकी पथ के एलाईनमेंट को मंजूरी दी।

02. प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए केन्द्र सरकार ने बिहार के लिए पांच सौ नवासी करोड़ रूपये की अतिरिक्त सहायता राशि स्वीकृत की।

03. विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

केन्द्र सरकार ने माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी को अयोध्या से जोड़ने के लिए राम–जानकी पथ के एलाईनमेंट को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एलाईनमेंट अप्रूवल कमिटी ने राज्य सरकार के प्रस्ताव को आंशिक संशोधन के साथ स्वीकृति प्रदान की है। ये सड़क सीवान, सारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर और सीतामढ़ी से होते हुये नेपाल के पास भिट्ठा मोड़ तक जायेगी। इस सड़क की चौड़ाई सत्तर फीट और लम्बाई दो सौ चालीस किलोमीटर होगी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि राम–जानकी मार्ग के लिए एलाईनमेंट मंजूर होने के साथ ही जमीन अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। इस सड़क के बनने से आयोध्या से सीतामढ़ी का सीधा जुड़ाव हो जायेगा।

---

केन्द्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए बिहार के लिए पांच सौ नवासी करोड़ रूपये की अतिरिक्त सहायता राशि स्वीकृत की है गौरतलब है पिछले दिनों केन्द्र सरकार की ओर से एक टीम बिहार आई थी। इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर केन्द्र ने अतिरिक्त सहायता राशि को स्वीकृति प्रदान की है। इस राहत पैकेज से आपदा प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान की जा सकेंगी।

---

गृह विभाग ने बिहार निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली दो हजार पच्चीस को लागू कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में निजी गार्ड के लिए निर्धारित शारीरिक

मापदंड और प्रशिक्षण अनिवार्य हो गया है। निजी सुरक्षा में लगी एजेंसियों को गार्डों के नियोजन में निर्धारित मापदंडों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित मापदंड का पालन नहीं करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

---

परिवहन विभाग ने प्रदेशभर में पांच सौ ग्रीन बस स्टॉप बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए जगह के चयन के लिए विभाग की ओर से सभी जिलों से एक जून तक सर्वे रिपोर्ट मांगी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रीन बस स्टॉप के लिए बने भवनों की छत पर पौधे लगाये जायेंगे। साथ ही सौर पैनल के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जायेगी। बारिश के दौरान छत पर पानी का संग्रह भी किया जायेगा। गौरतलब है कि परिवहन विभाग ने डीजल से चलने वाली सभी सार्वजनिक बसों को सीएनजी और विद्युत वाहन ई–वी में बदलने का निर्णय लिया है। इसके तहत इलेक्ट्रिक–सीएनजी बसों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है।

---

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में पांच सौ उनचास पदों पर बहाली होगी। इसमें बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चौदह पदों पर बहाली के लिए अधियाचना भेजी गयी है। वहीं, बिहार कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से पांच सौ इक्कीस पदों पर बहाली के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से अधियाचना भेजी गयी है।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर आज बिहार आ रहे हैं। वे पहले बेगूसराय में पार्टी नेता कन्हैया कुमार की पदयात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। श्री गांधी का पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में कार्यकर्ताओं से मुलाकात का भी कार्यक्रम है।

---

केरल के पूर्व मंत्री एम ए बेबी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का छठा महासचिव चुना गया है। इसके साथ ही पार्टी की शीर्ष संस्था के लिए अठारह पोलित ब्यूरो सदस्यों का भी चुनाव हुआ है। पार्टी ने केन्द्रीय समिति का भी चुनाव किया है, जिसमें पचासी सदस्य शामिल हैं। केन्द्रीय कमिटी में बिहार के ललन चौधरी और अवधेश कुमार को फिर से सदस्य चुना गया है।

---

नई दिल्ली में आयोजित स्टार्ट अप महाकुंभ में बिहार के तीन स्टार्ट अप को पुरस्कृत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ई.वाई डेल्टा, लेडी फेयर और भोजपत्ता को सम्मान प्रदान किया गया है। भोजपत्ता कंपनी फसल अपशिष्ट से उपयोगी वस्तुएं बनाने का काम करती है। भारत सरकार की ओर से तीनों कंपनियों को एक–एक लाख रुपये का नकद ईनाम दिया गया है।

———————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति – एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक आज मुंबई में शुरू होगी। इस बैठक में प्रमुख ब्याज तथा रेपो दरें तय की जाएंगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है –स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केन्द्र सरकार देश में स्वास्थ्य ढ़ांचे को मजबूत करके लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

———रिपोर्ट———

इस अवसर पर प्रदेश में भी कई संस्थाओं की ओर से स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज से अगले तीन दिन तक उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और समस्तीपुर में मेघगर्जन और चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की सम्भावना है।

———बाइट———

मौसम विभाग ने इस अवधि में खराब मौसम के दौरान किसानों को कृषि कार्य स्थगित रखने की सलाह दी है। साथ ही अस्थाई और असुरक्षित संरचनाओं को सुरक्षित करने या खाली करने की भी अपील की गई है। वहीं, विभाग के अनुसार इस अवधि में दक्षिण बिहार के जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज राज्य

का सबसे गर्म स्थान रहा। बक्सर का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह, राजधानी पटना और भोजपुर का तापमान उनतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

प्रदेश में सभी सरकारी विद्यालयों का संचालन आज से परिवर्तित समय सारणी के अनुसार शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों के हित में यह निर्णय लिया है। विभाग अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने बताया कि आज से एक जून तक प्रारंभिक और माध्यमिक विद्यालयों का संचालन सुबह छह बजकर तीस मिनट से दोपहर बारह बजकर तीस मिनट तक होगा।

---

यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे कल से रक्सौल और कोलकाता बीच वन–वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगा। यह ट्रेन सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, साहेबपुर कमाल, मुंगेर, भागलपुर और रामपुर हाट के रास्ते चलेगी।

---

परिवहन विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश में वाह्य संपोषित योजना के तहत एक हजार चार सौ चालीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि का प्रावधान किया है। इसके तहत उच्च पथों पर एशियाई विकास बैंक – एडीबी की ऋण राशि से कार्य किया जायेगा। इस राशि से दो सौ अड़सठ किलोमीटर लंबी सडक का निर्माण होगा। यह सड़क सुपौल, अररिया, मधुबनी, बक्सर, दरभंगा और सीतामढी जिलों में बनाई जाएंगी।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी में आयोजित प्रथम बिहार राज्य सीनियर बीच ग्रैप्लिंग कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब पूर्वी चम्पारण जिले की टीम ने जीत लिया। पटना की टीम दूसरे जबकि वैशाली को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

---

बिहार में चार मई से पन्द्रह मई तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि एथलेटिक्स की अठारह स्पर्धाओं और सेपक टाकरा के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। महानिदेशक ने बताया कि सेपक टाकरा के लिए बीस बालक और बीस बालिका प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया है। ट्रायल में कुल दो सौ सत्तर खिलाड़ियों ने भाग लिया।

शिवहर जिले के तीन अलग–अलग गांव में हुई आगलगी की घटनाओं में आधा दर्जन घर जलकर नष्ट हो गये। इस घटना में एक महिला के झुलसने की खबर है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की झुलसने से मौत हो गयी।

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने रामनवमी के मौके पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा और आरती–पूजन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रामनवमी पर राममय हुई राजधानी, उमड़ा जन सैलाब।

आज अखबार ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– दीपों से जगमगा उठी अयोध्या नगरी।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– हर महीने दो दिन बिहार, बंगाल और तमिलनाडु में रहेंगे अमित शाह।

दैनिक भास्कर ने बैंकिंग प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर लिखा है– बैंक खातों में चालीस प्रतिशत रकम महिलाओं की, डीमेट अकाउंट भी तीन साल में चार गुना बढ़े।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी को अयोध्या से जोड़ने के लिए राम–जानकी पथ के एलाईनमेंट को मंजूरी दी।

02. प्राकृतिक आपदाओं से राहत के लिए केन्द्र सरकार ने बिहार के लिए पांच सौ नवासी करोड़ रूपये की अतिरिक्त सहायता राशि स्वीकृत की।

03. विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, वैशाली और समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।